>

Title: Need to provide stoppage of important trains at Chhota Amona and Kalu Bathan railway stations under Asansol Division of Eastern Railway.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): पूर्वी रेलवे के आसनसोल मण्डल में छोटा अमोना और कालू बथान रेलवे स्टेशन है। यह रेलवे स्टेशन धनबाद और कुमारडुबी से 25 से 30 किमी. की दूरी पर स्थित है। इन रेलवे स्टेशनों पर कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रूकती है, जबकि रेलवे स्टेशन के दोनों ओर लाखों की जनसंख्या रहती है तथा हजारों लोग लंबी दूरियों का सफर करते हैं। वर्तमान में इस रूट से करीब 25 एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है। इस क्षेत्र से सुदूर स्थानों से कुमारडुबी और धनबाद स्टेशन की दूरी 40-50 किमी. तक है।

अतः सरकार से मांग करते हैं कि जनहित में इन रेलवे स्टेशनों पर विशेषकर राँची, दिल्ली, हावड़ा, सियालदह, दुमका आदि स्थानों पर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।